तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026

12 पेपर लीक होने पर छात्रों ने किया ने प्रदर्शन...

12 बांगाबारी में लाखों की पानी टंकी पांच साल से खाली...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं.
8

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

# आरक्षित वन भूमि पर फिर अतिक्रमण पर की कार्रवाई, जोताई करते ट्रैक्टर जब्त

*बांदे वन परिक्षेत्र के पश्चिम कुरेनार में वन विभाग ने एक बार फिर अवैध अतिक्रमण के प्रयास को विफल करते हुए जुताई कर रहे ट्रैक्टर को मौके से जब्त कर लिया। विभाग का कहना है कि संबंधित व्यक्ति पहले भी इसी वन भूमि पर अवैध जुताई करते पकड़ा जा चुका है, लेकिन चेतावनी और कानूनी कार्रवाई के बावजूद उसने दोबारा उसी भूमि पर कब्जा जमाने का प्रयास किया। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से अवैध अतिक्रमण की इस कोशिश पर तत्काल रोक लग गई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बांदे वन परिक्षेत्र के पश्चिम कुरेनार स्थित आरक्षित वन भूमि पर अवैध रूप से जुताई किए जाने की जानकारी मिली थी। जानकारी मिलते ही वन अमले की टीम मौके पर पहुंची, जहां गौरांग सरकार पिता प्रशांत सरकार निवासी पीवी-103 कुरेनार, द्वारा ओडिशा से लाए गए ट्रैक्टर की सहायता से लगभग 2.240 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि पर जुताई की जा रही थी।

टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर लिया और वन अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी। वन अधिकारियों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। पिछले वर्ष भी गौरांग सरकार द्वारा इसी आरक्षित वन भूमि पर अवैध जुताई कर अतिक्रमण का प्रयास किया गया था।

उस समय भी वन विभाग ने ट्रैक्टर जब्त कर उसके राजसात की कार्रवाई की थी तथा भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद संबंधित व्यक्ति ने दोबारा उसी भूमि पर खेती की तैयारी शुरू कर दी, जिसे विभाग ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल हस्तक्षेप किया। लगातार चेतावनी, ट्रैक्टर की जब्ती और राजसात जैसी सख्त कार्रवाई के बावजूद आरक्षित वन भूमि पर दोबारा कब्जे की कोशिश महंगी पड़ गई।



**कानून का उल्लंघन करने पर कार्रवाई**
वन विभाग का कहना है कि आरक्षित वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा, जुताई, खेती या अन्य गतिविधि वन संरक्षण कानूनों का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और नियमों के अनुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि वन भूमि की सुरक्षा और संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा अतिक्रमण के हर प्रयास पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### वन विभाग की अपील

*वन अधिकारियों ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे आरक्षित वन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल वन विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर वन संपदा और पर्यावरण की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। विभाग ने दोहराया कि वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।*

## जुए में आरएचओ, एनएचएम के लेखापाल, 5 कर्मचारी और सात अन्य थे शामिल

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जुआ, लेखापाल समेत 12 गिरफ्तार

*मरीजों के इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का परिसर उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब यहां कुछ स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपने परिचितों को बुलाकर जुए की फड़ सजा दी। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल दबिश देकर मौके से 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन 12 में से 05 स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी है और 07 उन कर्मचारियों के दोस्त है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/चारामा

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जहाँ पर 102 और 108 के कर्मचारी बैठते है, उसी कमरे में रविवार 19 जुलाई को जुआं खेलने की जानकारी चारामा पुलिस को मिली और चारामा पुलिस सायबर टीम के साथ मिलकर घेराबंदी किया, जहाँ से 12 जुआरी जुआं खेलते दबोचे गए।

पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्वास्थ्य केंद्र जैसे सार्वजनिक एवं संवेदनशील परिसर में जुआ खेलने की घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने भी इस पर नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए होता है, ऐसे स्थानों पर इस प्रकार की गतिविधियां न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि सरकारी व्यवस्था की गरिमा पर भी प्रश्नचिह्न लगाती हैं।

### एफआईआर में सही नाम छिपाने और वर्तमान पता नहीं लिखने को लेकर भी सवाल

- **सीएचसी के वरिष्ठ अधिकारियों की लापरवाही का परिणाम**
- **विभाग के अन्य कर्मचारियों ने आज तक नहीं की शिकायत**
- **शासकीय कर्मचारी कदाचार के मामले में हो सकता हैं निलंबित**



### गिरफ्तार 05 शासकीय कर्मचारी

*सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में पदस्थ आरएचओ 32 वर्षीय प्रकाश सिन्हा पिता निर्मल सिन्हा निवासी रूद्री जिला धमतरी, दबेना में पदस्थ आरएचओ 40 वर्षीय गोविन्द जुर्री पिता रामेश्वर जुर्री निवासी अलबेलापारा कांकेर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में पदस्थ एनएचएम में विकासखंड लेखा प्रबंधक धनंजय कुमार बंसोड़ पिता चंदन बंसोड़ निवासी वार्ड क्रमांक 10 चारामा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में पदस्थ एनएचएम में पदस्थ पीएडीए 35 वर्षीय ईश्वर नेताम पिता लीलाराम नेताम निवासी एकता नगर ढेलकाबोड कांकेर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में पदस्थ वाहन चालक अरूण मण्डावी पिता विशाल राम मण्डावी उम्र 36 साल निवासी शाहवाड़ा जिला कांकेर को दबोचा गया।*

### शासकीय कर्मचारियों के साथी सात अन्य जुआरी

शासकीय कर्मचारियों के साथी जुआरी 31 वर्षीय शिवदत्त निषाद पिता जयसिंह निषाद निवासी शाहवाड़ा, 30 वर्षीय देवेन्द्र कुमार सेन पिता नंद कुमार सेन निवासी शाहवाड़ा, 35 वर्षीय इन्द्रजीत रामटेके पिता करण लाल रामटेके निवासी शाहवाडा, 40 वर्षीय विरेन्द्र मेश्राम पिता पंचम मेश्राम निवासी शाहवाड़ा, 59 वर्षीय खेमलाल गजेन्द्र पिता स्व चमरूराम निवासी अरौद और 35 वर्षीय महेन्द्र निषाद पिता अर्जुन निषाद निवासी अकलाडोंकरी जिला धमतरी और 52 वर्षीय देवप्रसाद उईके पिता रामभरोस निवासी पलेवा चौकी हल्बा थाना नरहरपुर को दबोचा गया।

### नाम को छिपाने का किया प्रयास

*सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में पदस्थ एनएचएम में विकासखंड लेखा प्रबंधक धनंजय कुमार बंसोड पिता चंदन बंसोड का यह सही नाम है, परंतु एफआईआर में उनका नाम डी. के. उर्फ धनंजय बंछोर लिखवाकर पुलिस को ही गुमराह कर दिया। इसके अलावा प्रकाश सिन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में पदस्थ है और उनका पता केवल धमतरी का लिखाया गया है, वर्तमान पता उल्लेख नहीं है। अन्य जुआरियों की भी तहकीकात करने पर ऐसी खामियां उजागर हो सकती है। पुलिस को भी इनके आधार कार्ड में जो नाम हो, उस नाम को एफआईआर में उल्लेखित करना चाहिए।*

### हर दूसरे दिन लगती थी फड़

*सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा परिसर में यह जुआं का खेल पहली बार नहीं था, लंबे समय से चल रहा था, जबकि इस स्थान से चारामा थाना की दूरी मात्र 350 मीटर के आसपास होगी। जुआरियों को किसी भी प्रकार का डर नहीं था, यह खबर आसपास सभी को पता थी, उनकी मानें तो हर दूसरे दिन ऐसी फड़ लग जाती थी, परंतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आला अधिकारियों ने इस अव्यवस्था को रोकने किसी भी तरह की पहल आज तक नहीं किया।*

## सूरजागढ़ के ओवरलोड वाहनों पर रोक की मांग, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

*आंदोलन की दी चेतावनी और 22 को चक्काजाम का किया ऐलान*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

महाराष्ट्र के सूरजागढ़ क्षेत्र से परलकोट अंचल में प्रवेश करने वाले भारी एवं ओवरलोड मालवाहक वाहनों के बढ़ते आवागमन को लेकर अब जनआक्रोश राजनीतिक रूप लेने लगा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पखांजूर ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की माँग किया और कार्रवाई नहीं होने पर 22 जुलाई से चक्काजाम करने चेतावनी दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपने के उपरांत कहा कि महाराष्ट्र के सूरजागढ़ क्षेत्र से परलकोट अंचल में लगातार भारी एवं ओवरलोड ▶▶| शेष पेज 10 पर

### हो रही स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें

*ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि भारी वाहनों के संचालन से उड़ने वाली धूल और बढ़ते प्रदूषण के कारण स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकालने और ओवरलोड वाहनों के संचालन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने की मांग की।*

### यह रहे उपस्थित

*ज्ञापन सौंपने के दौरान इंद्रजीत विश्वास, रूपसिंह पोटाई, सुप्रकाश मल्लिक, विकास मंडल, हर्षित मिर्धा, प्रदीप बाईन, दिलीप बिस्वास, विधान बिस्वास, आशीष देवांगन, दीपंकर सरकार, रमेन सरकार, शुभाशीष साना, रोहन बिस्वास, अरुण मंडल, सागर मंडल सहित ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई एवं कांग्रेस परिवार के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप



### आवेदनों के निराकरण करने का दिए निर्देश

**कांकेर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिलेभर से पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 28 आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनदर्शन में अंत्योदय राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता, एग्रीस्टैक किसान पंजीयन, अतिथि शिक्षक भर्ती, अटल आवास आवंटन तथा प्राथमिक शाला भैराडीह के भवन निर्माण सहित विभिन्न मांगें सामने आईं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### छत से गिरे घायल युवक की हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बारदेवरी निवासी 39 वर्षीय दीपक कुमार समरथ पिता केश्वर राम इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक छत से गिरकर घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कया गया, जिसका 22 मई को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत सिंगारभाट निवासी 40 वर्षीय



सरजू यादव पिता स्व. माखन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान युवक की हुई मौत

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत पेण्ड्रावन निवासी 30 वर्षीय



झामेश पाण्डे पिता स्व. श्रवण का इलाज के दौरान 22 जुन को जिला अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आई थी। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# विधायक जनदर्शन के आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बेवरती स्थित अंगना विधायक जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों से नागरिक अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, राजस्व सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्रस्तुत किए और समस्याओं के समाधान की मांग की।

जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों एवं शिकायतों का विधायक आशाराम नेताम के द्वारा गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी मामलों का



समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े और साथ ही संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है। जनदर्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ▶▶| शेष पेज 10 पर

### शराब एवं नकदी जब्त, 3 कोचियों पर मामला दर्ज

**कांकेर।** दुधावा चौकी पुलिस ने 19 जुलाई को छापामार कार्यवाही करते हुए मुसुरपुट्टा के तीन व्यक्ति को अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा।



पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी 58 वर्षीय पुनित राम दर्रो पिता उदेराम के कब्जे से साड़े 8 लीटर महुआ शराब व नगद 200 रूपएं, 35 वर्षीय गंगाबाई यादव पति सुखराम के कब्जे से 10 लीटर देशी महुआ शराब और नगद 200 रूपएं तथा 42 वर्षीय मुकेश जैन पिता सत्याराम के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब और नगद 300 रूपएं को जप्त किया। सभी आरोपी मुसुरपुट्टा के रहने वाले है, जिनके खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# बाइपास पर अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की हुई मौत, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के बाइपास मार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा सुबह लगभग साड़े 8 से 9 बजे के बीच हुआ। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात भारी वाहन ने युवक को टक्कर मारने के बाद उसे कुचल दिया और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक कांकेर के मांझापारा निवासी सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार नरेश यदु का पुत्र 31 वर्षीय शुभम यदु है। हादसे की खबर मिलते ही परिजन और परिचित अस्पताल पहुंच गए, जहां परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों और आसपास के लोगों के अनुसार सुबह अचानक टायर फटने जैसी तेज आवाज सुनाई दी।



आवाज सुनकर जब लोग अपने घरों और आसपास के प्रतिष्ठानों से बाहर निकले तो सड़क पर एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। उसके शरीर की स्थिति देखकर लोगों ने आशंका व्यक्त की कि किसी भारी वाहन का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया था, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी तत्काल हाईवे पेट्रोलिंग टीम को दी गई। हाईवे पेट्रोलिंग के जवान कुछ ही समय में मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई करते हुए युवक को जिला अस्पताल ले गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बाइपास मार्ग पर कुछ समय के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ अज्ञात भारी वाहन की तलाश में जुट गई है। माना जा रहा है कि वाहन चालक हादसे के बाद बिना रुके मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कांकेर बाइपास मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जिल की 242 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त करने की कयावद जारी

# जिले की 212 पंचायत बाल विवाह मुक्त घोषित

### बाल विवाह मुक्त अभियान को मिली एक नई गति

*जिले को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा से मुक्त बनाने की दिशा में प्रशासन के प्रयास लगातार रंग ला रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विशेष अभियान के तहत अब तक जिले की 454 ग्राम पंचायतों में से 212 पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया जा चुका है। शेष पंचायतों में भी जागरूकता अभियान, जनभागीदारी और सतत निगरानी के माध्यम से इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, जिला स्तरीय टॉस्कफोर्स कमेटी तथा सखी वन स्टॉप सेंटर की संचालन समिति की त्रैमासिक संयुक्त समीक्षा बैठक कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडेय ने विभाग की त्रैमासिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिले की 454 ग्राम पंचायतों में से 212 पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया है।

बैठक में बताया गया कि किशोर न्याय बोर्ड में अब तक कुल 727 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 625 मामलों का निराकरण किया जा चुका है। बाल कल्याण समिति को प्राप्त 2076 प्रकरणों में से 1823 मामलों का निराकरण कर बच्चों को आवश्यक संरक्षण एवं सहायता उपलब्ध कराई गई है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य की बाल सक्षम नीति-2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी विकासखंडों में विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है।

सखी वन स्टॉप सेंटर में अब तक 1623 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 1588 मामलों का निराकरण किया जा चुका है। इसके अलावा हिंसा एवं संकट से प्रभावित 482 महिलाओं को अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराया गया है, जबकि 35 प्रकरण वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सखी सेंटर-सक्षम योजना की प्रगति की समीक्षा



### हितग्राही को सौंपा 1 लाख का चेक

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के कांकेर प्रवास के दौरान मिलेट कैफे की संचालक द्वारा आर्थिक सहायता की मांग की गई थी, जिस पर विभाग द्वारा शीघ्र कार्यवाही करते हुए छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना के तहत संचालित सक्षम योजनांतर्गत उक्त मिलेट कैफे की संचालक सरस्वती साहू को कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने 01 लाख रूपए का चेक समय-सीमा बैठक के दौरान सौंपा तथा उन्हें उक्त राशि का बेहतर ढंग से उपयोग करने की बात कही।

# विश्व आदिवासी दिवस मनाने अंतागढ़ की बैठक तय की रूपरेख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़ इस वर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी संस्कृति, सामाजिक एकता और अधिकारों की बुलंद आवाज का सबसे बड़ा मंच बनने जा रहा है। जिलेभर से करीब एक लाख लोगों की भागीदारी के लक्ष्य के साथ तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सर्व आदिवासी समाज की जिला स्तरीय बैठक में विस्तृत रणनीति तैयार की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा से लेकर सामाजिक, सांस्कृतिक और अधिकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

अंतागढ़ स्थित गोंडवाना समाज भवन में आयोजित बैठक में सर्व



आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष कन्हैया उसेंडी ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉकों में अंतागढ़ क्षेत्र कई मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है, इसलिए समाज ने यहां कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है ताकि क्षेत्र की समस्याओं और समाज के अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाया जा सके। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में दिल्ली से विशेष अतिथियों और वक्ताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। समाज के वरिष्ठ सलाहकार ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### कृषि स्थायी समिति की बैठक 23 को

**कांकेर।** जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के सभापति दीपांकर राय की अध्यक्षता में 23 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भानुप्रतापपुर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### सत्र न्यायाधीश ने निःशुल्क विधिक सहायता पर दिया जोर

**कोण्डागांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष खिलावन राम रीगरी की अध्यक्षता में पैरालीगल वालंटियर्स की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधिक जागरूकता कार्यक्रमों और जनहितकारी गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पैरालीगल वालंटियर्स को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करने तथा समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गो्र तक निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रें में विधिक जागरूकता बढ़ाने में पैरालीगल वालंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में वालंटियर्स ने अपने–अपने क्षेत्रें में आयोजित विधिक साक्षरता शिविरों, लाभार्थियों को दी गई सहायता तथा आमजन की समस्याओं की जानकारी प्रस्तुत की। महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, बंदियों एवं अन्य पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के प्रयासों की भी समीक्षा की गई। बैठक के अंत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी पैरालीगल वालंटियर्स से अधिक सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने कहा। साथ ही जनसमस्याओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तक पहुंचाने तथा शासन की जनकल्याणकारी एवं विधिक सहायता योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक सुनिश्चित करने का आह्वान किया।बांदे थाना पीव्ही 88 निवासी 50 वर्षीय अर्जुन पिता स्व. मनीगोपाल ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन पुलिस को बताया कि मृतक ने 18 जुलाई को अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# बारिश में संवेदनशील स्थानों पर रखें राजस्व अधिकारी निगाह : नीलेश

**समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले में लगातार हो रही बारिश और विभिन्न विकास कार्यों की धीमी प्रगति को लेकर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय-सीमा की समीक्षा बैठक में उन्होंने बारिश के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखने, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाना सभी विभागों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार 20 जुलाई को आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, निर्माण कार्यों तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने वर्तमान में हो रही लगातार बारिश को देखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति की तत्काल जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

साथ ही राहत एवं बचाव संबंधी व्यवस्थाओं को भी पूरी तरह सक्रिय रखने पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित प्राथमिकता वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अधूरे निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा और संबंधित अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

### शिकायतों का तत्काल करें निराकरण

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान समय-सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।

### कलेक्टर ने जताई नाराजगी

बैठक के दौरान एग्रीस्टैक पोर्टल से संबंधित राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण कर पोर्टल पर आवश्यक जानकारी समय पर अपडेट की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की डिजिटल सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

### प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) केंद्रों के संचालन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, आयुष्मान भारत योजना, पोषण पुनर्वास केंद्र, ई-ऑफिस प्रणाली, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र सहित अनेक योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी लाने, लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने तथा आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### एजेंडावार दी जानकारी

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बैठक में मुख्य सचिव द्वारा आगामी 24 जुलाईको प्रस्तावित बस्तर मुन्ने कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के संबंध में एजेंडावार जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट तैयार रखें, ताकि बैठक में समुचित जानकारी प्रस्तुत की जा सके।

## पूर्व छात्रों ने दिया विद्यालय को हरसंभव सहयोग का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में सोमवार को विद्यालय के भूतपूर्व छात्रों ने पहुंचकर परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए विकास कार्यों की जानकारी ली तथा विद्यालय को और अधिक आधुनिक, विद्यार्थी-केंद्रित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। पूर्व छात्रों ने भविष्य में विद्यालय के सर्वांगीण विकास में हरसंभव सहयोग देने का भी भरोसा दिलाया।

निरीक्षण के दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर, स्मार्ट कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेल सुविधाओं एवं अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में स्वच्छता, अनुशासन, बेहतर शिक्षण वातावरण एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय लगातार प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

भूतपूर्व छात्रों का कहना था कि किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान केवल भवन और संसाधनों से नहीं होती, बल्कि वहां मिलने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से होती है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से चर्चा करते हुए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक तकनीक के अधिक उपयोग, करियर मार्गदर्शन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष पहल करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर सोमल जैन, राजेश गोटा, विष्णु कोवाची, दीपक कल्लो, प्रवीण सिन्हा, अनिल नेताम, रविशंकर कोवाची एवं भूपेंद्र सिन्हा सहित अन्य भूतपूर्व छात्र उपस्थित रंहे।

## शालाओं में बाल कैबिनेट यूथ व ईको क्लब गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



नरहरपुर विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल एवं शासकीय प्राशा बिरनपुर में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से बाल कैबिनेट, यूथ क्लब एवं ईको क्लब का गठन किया गया।

शासकीय हाई स्कूल में सुहाना मंडावी को प्रधानमंत्री, लोकेश्वरी शोरी को उप प्रधानमंत्री, दीपांजलि मरकाम को वित्त मंत्री, त्रिवेणी नेताम को शिक्षा मंत्री, निहारिका निषाद को खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री, श्रद्धा नेताम को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा चंचल सलाम को कानून एवं अनुशासन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं प्राथमिक शाला में कव्या मंडावी को प्रधानमंत्री, वेदांत शोरी को उप प्रधानमंत्री तथा अन्य छात्र-छात्राओं को विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर यूथ क्लब एवं ईको क्लब का भी गठन किया गया। शिक्षकों ने बताया कि इन क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण, पौधरोपण, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक सरोकारों से जोड़कर नेतृत्व और सेवा भावना विकसित की जाएगी। प्राचार्य जेएस नेताम ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन विद्यालय के अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करेगा। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य जेएस नेताम, व्याख्याता एसआर साहू, शिक्षिका सरिता साहू, शिक्षक कमलेश कुमार कोड़ोपी, चुनेश्वर कुमार साहू, लोकेश्वरी पाल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों की उपस्थिति में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत विभिन्न पदों के लिए छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।

## नगरनार मुख्य बाजार स्थल के एटीएम को उखाड़कर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नगरनार



स्टील प्लांट नगरनार से लगे मुख्य बाजार स्थल के एटीएम को बीती राज अज्ञात चोर उखाड़कर अपने साथ ले गए। इंडिया वन बैंक के एटीएम के कैश बाक्स को लगभग 50 मीटर तक घिसटकर ले जाने के बाद चोरों ने उसे वहीं छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि चोर कैश ले जाने में कामयाब नहीं हो सके। घटना की जानकारी लगते ही नगरनार टीआई दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी। फारेंसिंक व डॉग स्क्वॉड की टीम भी मौके पर पहुंचकर चोरों को सुराग लगाने प्रयास कर रही है। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचे गए और घटना से सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की।

जानकारी के मुताबिक नगर में बाजार में लगे एटीएम को चोरों ने रविवार रात लूटने का प्रयास किया लेकिन इसमें वे सफल नहीं हो सके। चोरों ने एटीएम को उखाड़कर अपने साथ ले जाने की कोशिश की लेकिन वे अपने इरादे में सफल नहीं हो सके। बताया जा रहा है कि चोरों ने पहले एटीएम मशीन को तोड़कर उसमें रखी नकदी निकालने की कोशिश की लेकिन जब वे इसमें कामयाब नहीं हुए तो रस्सी बांधकर किसी वाहन की मदद से पूरी मशीन को खींचकर उखाड़ दिया। चोर एटीएम को बूथ से करीब 50 मीटर दूर तक घसीटकर ले गए और एटीएम वहीं छोड़कर फरार हो गए। पुलिस कयास लगा रही है कि मशीन ज्यादा भारी होने या किसी के आ जाने की आशंका के चलते चोर भाग निकले। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि एटीएम से कोई रकम निकाली गई या नहीं। एटीएम का संचालन करने वाली कंपनी के अधिकारी रायपुर से पहुंच रहे हैं। उनके आने के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। सुबह जब लोगों ने सड़क पर एटीएम पड़ा देखा तो सभी हैरान रह गए।

## अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं न्यायालय अधोसंरचना मॉनिटरिंग सेल की बैठक

**विचाराधीन बंदियों के प्रकरणों और न्यायालय भवन निर्माण की प्रगति की हुई समीक्षा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी की अध्यक्षता में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं न्यायालय अधोसंरचना मॉनिटरिंग सेल की बैठक मध्यस्थता कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, केंद्रीय जेल जगदलपुर के कल्याण अधिकारी, लोक अभियोजन अधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विचाराधीन बंदियों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पात्र बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने तथा जमानत सहित अन्य वैधानिक प्रावधानों का लाभ शीघ्र दिलाने पर जोर दिया गया। नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण, न्यायिक अधिकारियों के आवास, न्यायालय परिसर की मूलभूत सुविधाओं, निर्माण एवं मरम्मत कायो्र तथा अधोसंरचना विकास की प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को लंबित कायो्र में तेजी लाने और निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधिकारियों से कहा कि न्यायालय अधोसंरचना से जुड़े सभी कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। ताकि न्यायिक कार्यों का संचालन सुचारु रहे। न्यायालय आने वाले न्यायार्थियों और अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## वन महोत्सव पर सोड़मा में लिया हरियाली का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

**■ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में पौधारोपण**

वन महोत्सव के अवसर पर वन परिक्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोड़मा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वन संवर्धन एवं हरित भविष्य का संदेश देते हुए ग्रामीणों, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

आयोजन केशकाल वनमंडलाधिकारी दिव्या गौतम के निर्देशन, उप वनमंडलाधिकारी श्रीमती सुषमा जे. नेताम के मार्गदर्शन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी शुभम पांडेय के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकू राम नेताम रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सोड़मा के सरपंच रामलाल नेताम, विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र रंगारी, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ, ग्रामीणजन एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वन विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी से प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। विद्यार्थियों को बताया गया कि वृक्ष केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि स्वच्छ वायु, जल संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला हैं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने वनों की सुरक्षा, अवैध वृक्ष कटाई एवं वन भूमि पर अतिक्रमण रोकने में जनसहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही जंगलों और आसपास के क्षेत्रों को प्लास्टिक मुक्त रखने, एकल-उपयोग प्लास्टिक का त्याग करने तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण में सभी से सहयोग की अपील की गई। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर पीला राम दीवान, पवन कुमार नाग, वनपाल डोमार सिंह नेताम, गजेन्द्र नाईक, हेमलाल पुजारी, सुभाष नाग, संगीता नेताम, श्रवण कुमार नेताम, सरिता मरकाम, वनरक्षक खगेश्वर दीवान, रामसूरज कोर्राम, तेनसिंह भोयर, हरिलाल नेताम, भूनेश्वर पांडे, गोविन्द शोरी, सुनिता नेताम सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रैली निकालकर युवाओं ने जताया विरोध राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**■ नीट परीक्षा पेपर लीक मामला और सोनम वांगचुक के समर्थन में आए बस्तर के युवा**

बस्तर के मूल निवासी समाज, छात्र-युवा संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा प्रतिनिधियों ने देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार, प्रतियोगी एवं भर्ती परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के विरोध तथा सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं एवं भर्ती प्रक्रियाओं में बढ़ती अनियमितताओं ने लाखों विद्यार्थियों और बेरोजगार युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। पिछले कुछ वर्षों में नीट, यूजीसी-नेट, एसएससी, रेलवे, पुलिस भर्ती, शिक्षक भर्ती सहित अनेक महत्वपूर्ण परीक्षाओं में पेपर लीक और परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों के मामले सामने आए हैं। इससे कठिन परिश्रम करने वाले विद्यार्थियों का परीक्षा प्रणाली से विश्वास उठता जा रहा है। वहीं युवाओं में निराशा और असंतोष का वातावरण बन रहा है। बस्तर जैसे आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्रों के छात्र सीमित संसाधनों के बावजूद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। अनेक परिवार आर्थिक कठिनाइयों के बीच अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाते हैं, लेकिन जब परीक्षाएं रद्द होती हैं या पेपर लीक की घटनाएं सामने आती हैं तो सबसे अधिक नुकसान गरीब, ग्रामीण, आदिवासी और अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को उठाना पड़ता है। युवाओं ने कहा कि यह केवल परीक्षा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि समान अवसर के संवैधानिक अधिकार पर भी गंभीर आघात है। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के प्रयासों का भी समर्थन किया गया। युवाओं ने कहा कि वे लंबे समय से शिक्षा सुधार, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय समुदायों के अधिकारों तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े विषयों को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से उठाते रहे हैं। उन्होंने देश में शिक्षा व्यवस्था को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और छात्र-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस दौरान लक्ष्मण बघेल, सुमित पोयाम सहित सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं एवं युवा उपस्थित रहे।




### खिलवाड़ स्वीकार नहीं

संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि देश के युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जा सकता। लाखों छात्रों के सपनों को तोड़ा गया। केंद्र सरकार से परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए कठोर एवं प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

### युवाओं का भविष्य प्रभावित

जिला अध्यक्ष गंगाराम नाग ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और राष्ट्र निर्माण का आधार है। यदि परीक्षा प्रणाली में लगातार भ्रष्टाचार और अनियमितताएं बनी रहेंगी तो देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य प्रभावित होगा।

### अभ्यर्थी मानसिक तनाव झेल रहे

संभागीय युवा प्रभाग अध्यक्ष संतु मौर्य ने कहा कि देशभर में पेपर लीक के कारण लाखों अभ्यर्थी मानसिक तनाव, आर्थिक नुकसान और सामाजिक असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। कानून का प्रभावी क्रियान्वयन होगा तो युवाओं का विश्वास पुनः स्थापित होगा। जिला युवा प्रभाग अध्यक्ष बसंत कश्यप ने कहा कि जिन परीक्षाओं में अनियमितता अथवा पेपर लीक सिद्ध हो चुका है, उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पुनः आयोजित किया जाना चाहिए।

## पेज 09 के शेष...

### सूरजागढ़ के ओवरलोड...

मालवाहक वाहनों का आवागमन हो रहा है। इन वाहनों के कारण क्षेत्र की सड़कें तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही हैं, जिससे आम लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। खराब सड़कों के चलते दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और राहगीरों की सुरक्षा पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। इन समस्याओं को उठाते हुए सोमवार 20 जुलाई को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पखांजूर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर इन वाहनों के संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग किया, इसके साथ ही 22 जुलाई तक कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन और चक्का जाम की चेतावनी भी दी गई है।

### विधायक जनदर्शन के...

है। यह जनदर्शन कार्यक्रम बेवरती स्थित अंगना विधायक जनसंपर्क कार्यालय में प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाता है, जहां नागरिक अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे प्रस्तुत कर उनका समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

### बाइपास पर अज्ञात ...

लगातार बनी रहती है। कई बार तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने इस मार्ग पर नियमित निगरानी बढ़ाने, गति नियंत्रण के प्रभावी उपाय करने तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### विश्व आदिवासी दिवस...

अश्वनी कांगे ने आदिवासी समाज के इतिहास, परंपराओं, सामाजिक नियमों, पेसा कानून और संवैधानिक अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष चारामा ठाकुर राम कश्यप ने पेसा कानून, जल-जंगल-जमीन के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं तथा खनन क्षेत्रों व राव घाट परियोजना पर मिलने वाली राशि पर स्थानीय विकास कार्यों में पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अंतागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष संतराम सलाम ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि समाज के अधिकारों की आवाज बुलंद करने का मंच है। आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष आयोजन के दौरान डीजे या अन्य कृत्रिम ध्वनि यंत्रों का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर पारंपरिक वाद्ययंत्र, लोकनृत्य और लोकगीतों के माध्यम से आदिवासी संस्कृति की समृद्ध विरासत को प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन स्थल पर आदिवासी संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें पारंपरिक खाद्य सामग्री, वेशभूषा, हस्तशिल्प और अन्य सांस्कृतिक वस्तुओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कैच-द-रेन अभियान के तहत चलाई जाएगी जनजागरूकता

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जल शक्ति मंत्रालय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा पुनर्जीवन विभाग एवं विभागीय निर्देशों के परिपालन में कैच-द-रेन अभियान हेतु जन-जागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा इस संबंध में अपील की गई है कि, कैच-द-रेन अभियान 2026 के तहत भवनों में रूफटॉप रैनवॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना, उपयुक्त स्थलों पर रिचार्ज पीट एवं रिचार्ज सॉफ्ट का निर्माण, बंद, निष्क्रिय बोरवेलों का पुनरूद्धार, भूजल पुनर्भरण करने के साथ-साथ तालाबों, झीलों एवं पारम्परिक जले संरचनाओं तथा जल निकायों, नालियों में कचरा न फेका जाए। रिचार्ज जोन एवं कैचमेंट क्षेत्रों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण एवं पूर्व से रोपित पौधों का रख-रखाव भी कैच-द-रेन अभियान के अंतर्गत किया जाएगा।

### रेशम हितग्राहियों ने किया प्रशिक्षण पूर्ण



**बीजापुर।** रेशम उत्पादन को वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला के 12 रेशम हितग्राहियों ने संयुक्त संचालक, रेशम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण बिलासपुर में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। यह प्रशिक्षण 16 से 21 जुलाई तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को रेशम उत्पादन से संबंधित समस्त गतिविधियों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा तसर पालन की वैज्ञानिक पद्धति, स्वस्थ डिम्ब समूहों का प्रबंधन, खाद्य पौधों का संरक्षण एवं प्रबंधन, कीट पालन की आधुनिक तकनीक, रोग एवं कीट नियंत्रण, कोसा उत्पादन, गुणवत्ता सुधार तथा उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के प्रभावी उपायों पर व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में रामुराम बेक, रविकुमार, राजू नाग, करन कुमार, नितेश, जयकिशन, हनुमंत राव, राजा राम, अनिल, नवीन, रितेश एवं संतोष ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिक पद्धति से रेशम उत्पादन बढ़ाने तथा बेहतर गुणवत्ता का कोसा उत्पादन करने की तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

# बियासी के लिए बारिश का इंतजार, माड़ में खेती किसानी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोशलनार



इंद्रावती नदी पार के माड़ इलाके में बारिश नहीं होने से खेती किसानी पर बुरा असर देखा जा रहा है। गोंचा पर्व जारी है और धान की क्यारियों में पानी एक बूंद नहीं है। जलाभाव के कारण बिंयासी और रोपा में विलंब हो रहा है।

भैरमगढ़ ब्लॉक के कोशलनार, मंगनार, गोड़िया, कोदाभाटा, मोर्समेटा बेंगलुर, टूंडेर, तुषवाल आदि माड़ इलाके के किसान मौसम की बेरूखी से परेशान है। लगातार एक पखवाड़े से इन इलाके में मानसूनी गतिविधि निष्क्रिय हो गई है। धान की क्यारियों में पानी नहीं है। जबकि धान के पौधे बिंयासी के लायक हो चुके हैं। पहले के दौर में 80 -90 के दशक में श्री गोंचा तक किसान एक तिहाई रकबे में बिंयासी का काम पूरा कर लेते थे। आज हालात ऐसे है कि बिंयासी शुरू ही नहीं हुआ है। वही धान की नर्सरी तैयार है पर मचाई के लायक पानी नहीं है। धान की बिंयासी और रोपा में विलंब होने से उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। समयावधि में बिंयासी नहीं हो पाने से धान को बढ़वार के लिए कम समय मिलेगा। यही नहीं अचानक एक साथ काम शुरू होने से देशी हल का किरया में बढोत्तरी भी होगी। काम की जल्दबाजी में लागत बढ़ेगी और संसाधन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। कोशलनार- मंगनार नदी पार का माड़ इलाका है, ज्यादातर किसान गरीब तपके से है। इनकी जीविका का मुख्य आधार खेती किसानी है। लगभग हर खरीफ सीजन में मौसम प्रतिकूल रहता है। गत वर्ष अगस्त में आई जल प्रलय से नदी- नाले के किनारे वाले खेतों में आज भी तबाही का मंजर साफ नजर आता है।

### धान की बढ़वार होगी प्रभावित

थलेश ठाकुर के मुताबिक मई के अंतिम सप्ताह और जून के शुरू में बोनी पूरी करने वाले किसान बिंयासी के लिए बारिश का इंतजार हैं। इस समय धान की क्यारियों में पानी बिलकुल नही है। जबकि धान की क्यारियों में इस समय पानी होना बहुत जरूरी है। समय पर बिंयासी नहीं होता है तो धान की बढ़वार प्रभावित होगी। धान के पौधे में कंसे नहीं फूट पाऐगे। इसका औसत उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। धान की अग्रिम नर्सरी तैयार है पर मचाई के लायक पानी नहीं है। मौजूदा संकट से पार पाने के लिए आवश्यक समसामयिक सलाह देने वाले भी नहीं है।

# चार ग्राम पंचायतों को मिले पानी के टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज धर्माऊर कार्यालय में लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के चार ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर वितरित किए गए।

- विधायक ने एरडवाल, छिंदबहार, धुरागांव तथा बिंता के लिए टैंकरों का किया वितरण



इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने ग्राम पंचायत एरडवाल, छिंदबहार, धुरागांव तथा बिंता के लिए पानी के टैंकरों का वितरण किया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि कई गांवों में जलसंकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आम नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में पानी के टैंकर ग्रामीणों तक समय पर पेयजल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन टैंकरों के माध्यम से संबंधित ग्राम पंचायतों में जल आपूर्ति व्यवस्था और अधिक प्रभावी एवं सुचारु होगी।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पानी के टैंकर मिलने से गांवों में पेयजल संकट से निपटने में बड़ी सहायता मिलेगी। विशेष रूप से गर्मी के मौसम में दूर-दराज के मोहल्लों एवं बस्तियों तक पानी पहुंचाने में यह सुविधा अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। ग्रामीणों ने इस पहल को जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसके लिए विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार: गोयल

विधायक गोयल ने कहा कि विकास केवल सड़क, भवन और अन्य निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति ही वास्तविक विकास का आधार है। स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि पानी के टैंकरों का उपयोग पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए ताकि प्रत्येक जरूरतमंद परिवार तक इसका लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय पर प्राथमिकता के साथ कार्य जारी रहेगा।

# ठेका प्रथा व आउटसोर्सिंग के विरोध में स्वास्थ्य कर्मियों ने खोला मोर्चा

## 22 जुलाई को रैली निकाल कर कलेक्टोरेट पहुंचेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

राज्य सरकार ने समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में केरल की एचएलएल कंपनी को लैब के संचालन का जिम्मा सौंपने से स्वास्थ्य विभाग में वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। सरकार उक्त कंपनी को प्रति जाँच के हिसाब से रुपए देगी। स्वास्थ्य विभाग के इस फैसले के विरोध में समस्त स्वास्थ्य कर्मचारी, छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले 22 तारीख को रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। जिसकी सूचना अनुविभागीय अधिकारी को दे दी गई है। जिलाध्यक्ष सदाशिव दुर्गम का कहना है कि सरकारी अस्पतालों का उद्देश्य लोकसेवा होता है बल्कि निजी कंपनी सिर्फ व्यवसाय एवं मुनाफे के उद्देश्य से कार्य करती हैं।

- केरल की कंपनी को लैब के संचालन का जिम्मा सौंपने से कर्मचारियों में रोष

सरकारी कर्मचारी अपने कार्य के प्रति जवाबदेह होता है एवं लापरवाही बरतने पर कार्यवाही का डर भी उस पर रहता है। परंतु निजी कंपनी पर जिला अधिकारियों का नियंत्रण कितना होगा ये बड़ा सवाल है। लैब के बाद फॉर्मेसी को भी कंपनी के माध्यम से संचालन की बातें भी सामने आ रही है। सरकार के इस फैसले से पैरामेडीकल एवं फार्मेसी के क्षेत्र में भविष्य की तलाश कर रहे युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ने की पूरी संभावना है। कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य में स्वास्थ्य विभाग में नियमित भर्तियों को लेकर असमंजस्य की स्थिति बनी हुई है। जिसे देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने विरोध स्वरूप 22 तारीख को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। यदि सरकार इस निर्णय को वापिस नही लेती तो भविष्य में स्वास्थ्य कर्मचारियों को आंदोलन का रुख करना पड़ सकता है।

### 14 वर्ष की बालिकाओं को लगा एचपीवी टीका

**बस्तर।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर यानी गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केशरपाल द्वारा हाई स्कूल केशरपाल में 14 वर्ष की बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमावायरस का टीका लगाया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह टीका सर्वाइकल कैंसर के साथ-साथ मुंह, गले और जननांगों के कैंसर से भी सुरक्षा प्रदान करता है। चिकित्सकों का कहना है कि यह वैक्सीन वायरस से होने वाले 90 प्रतिशत से अधिक कैंसर के मामलों को रोकने में सक्षम है। चिकित्सकों के मुताबिक टीका 9 से 14 साल के बच्चों के लिए सबसे अधिक प्रभावी है। इस आयु में टीका लगवाने से यौन संपर्क से पहले ही शरीर में प्रतिरक्षा विकसित हो जाती है, जिससे भविष्य में संक्रमण का खतरा काफी कम हो जाता है। इसी कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार द्वारा इस आयु वर्ग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह टीका लड़के और लड़कियों दोनों के लिए अनुशंसित है।



# पीएम श्री सेजेस में छात्र परिषद का गठन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

पीएम श्री सेजेस लोहंडीगुड़ा में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्र परिषद का गठन करते हुए विभिन्न पदों के लिए छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इनमें हेड बॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड बॉय, वाइस हेड गर्ल, सांस्कृतिक प्रमुख बालक एवं बालिका, गतिविधि प्रभारी बालक एवं बालिका, खेल प्रमुख बालक एवं बालिका, फर्स्ट एड प्रभारी बालक एवं बालिका, रेड, ब्लू, ग्रीन एवं येलो हाउस के कैप्टन एवं वाइस कैप्टन बालक एवं बालिका, मिडिल हेड बॉय एवं हेड गर्ल तथा प्राइमरी हेड बॉय एवं हेड गर्ल का चयन किया गया।


विद्यालय के हेड बॉय के रूप में दिलेश पांडेय एवं हेड गर्ल के रूप में याशी गुटा का चयन किया गया। प्राइमरी हेड बॉय चंद्रकांत साहू एवं हेड गर्ल क्षमा नाग, मिडिल हेड बॉय भुवेश रात्रे एवं हेड गर्ल मुस्कान बघेल, स्पोर्ट्स हेड बॉय तुषार ठाकुर एवं स्पोर्ट्स हेड गर्ल रूपाली ठाकुर, तथा कल्चरल हेड बॉय दिव्य बघेल एवं कल्चरल हेड गर्ल पीहू ठाकुर चुने गए। हाउस कैप्टनों में रेड हाउस के लिए पवन कश्यप एवं चुनौती पाणिग्राही, ब्लू हाउस के लिए देवांश नाग एवं मोनिका कश्यप, येलो हाउस के लिए सूर्यांश पांडेय एवं प्राची लोनहारे, तथा ग्रीन हाउस के लिए ऋषित पांडेय एवं भावना साहू का चयन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, वरिष्ठ विद्यार्थी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। यह समारोह विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापड़े एवं पीटीआई अभिजीत तिवारी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं वरिष्ठ विद्यार्थियों का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में सभी नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को अपने दायित्वों का निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई।

## निधन

### सीताराम कपूर



**जगदलपुर।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और पंजाब समाज धर्मसभा के सदस्य सीताराम कपूर का 100 वर्ष की आयु में सोमवार की सुबह 11 बजे स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार की शाम 4 बजे पुराना भट्ठी रोड स्थित पैतृक आवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रमेश-दिनेश कपूर के पिता, विवेक, विशाल और सिध्दार्थ के दादा और संजीव-राजीव कपूर के ताऊ थे।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज का युवक-युवती संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



सामाजिक एकता और युवा जागरूकता का संदेश लेकर बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज युवा संगठन ने रविवार को एक युवा-युवती संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से सैकड़ों युवाओं ने भाग लेकर समाज को संगठित करने का संकल्प लिया।

भगवान श्रीराम और मां दंतेश्वरी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल सहित जगदलपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बदलते समय में समाज को सशक्त बनाने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह संवाद केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता लाने और नए नेतृत्व को तैयार करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। युवाओं की व्यापक उपस्थिति से यह स्पष्ट है कि समाज का युवा वर्ग अब अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर है।

संवाद के दौरान शिक्षा, रोजगार, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और आपसी सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन को गाँव-गाँव तक विस्तार दिया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक क्षेत्र में युवाओं को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा और नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिससे समाज की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सके।

कार्यक्रम में समाज की महिलाओं और युवतियों की भागीदारी को भी विशेष महत्व दिया गया। समाज के उत्थान में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए युवती संवाद मंच के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। इस मंच के माध्यम से समाज की बहनें अपनी बात रख सकेंगी और नेतृत्व में अपनी भूमिका निभा सकेंगी।

## खबर संक्षेप

### आंबा कार्यकर्ताओं ने शुरू की सहायता की नई पहल



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ ने अपने साथियों के निधन पर पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद के लिए नई पहल शुरू की है। शासन से मृत्यु उपरांत कोई अनुग्रह सहायता नहीं मिलने के कारण संघ ने सदस्यों से चंदा एकत्र कर सहयोग राशि देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में ग्राम कोड़ोगांव आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 की दिवंगत कार्यकर्ता सरिता नागेश के आकस्मिक निधन पर कोदापाखा, साधुमिचगांव, कोड़ेकुर्से और हाटकोंदल सेक्टर की कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने 100-100 रुपये का योगदान जुटाकर उनके पति बीजू नागेश को 11 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की। संघ की पदाधिकारियों ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शासन की अनेक योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करती हैं, फिर भी उन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा और मृत्यु उपरांत आर्थिक सहायता नहीं मिलती। उन्होंने सरकार से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शासकीय कर्मचारी का दर्जा और सभी सुविधाएं प्रदान करने की मांग की।

### घायल की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बेवरती निवासी 35 वर्षीय ओमप्रकाश नेताम पिता रामूराम को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी 19 जुलाई को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बॉक्सिंग में दीपांशु बाला ने जीता रजत पदक

**पखांजुर।** लाइफ अकादमी हायर सेकेंडरी स्कूल पखांजुर के कक्षा 10वीं के छात्र दीपांशु बाला ने



अंडर-17 राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक (द्वितीय स्थान) हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय प्रबंधन ने दीपांशु को बधाई देते हुए इस सफलता का श्रेय बॉक्सिंग प्रशिक्षक एवं खेल शिक्षक एम. पॉल देव राव के मार्गदर्शन को दिया। साथ ही दीपांशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

### शाला प्रवेशोत्सव में 33 छात्राओं को मिली निःशुल्क सरस्वती सायकिल



**दुर्गूकोंदल।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल में शाला प्रवेश उत्सव सह निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक, पुष्प एवं मिठाई से स्वागत किया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का अभिनंदन किया। अतिथियों ने कक्षा 9वीं की 33 छात्राओं को शासन की निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरित की। सायकल मिलने पर छात्राओं ने खुशी व्यक्त की, वहीं पालकों ने योजना को बालिका शिक्षा के लिए उपयोगी बताया। मुख्य अतिथि विकास राजू नायक ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. लखन जुर्री ने कार्यशाला में दी जानकारी

# एचपीवी टीकाकरण अभियान की प्राचार्य व प्रधानपाठकों को कमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



■ सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता पर दिया जोर

किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिले में चलाए जा रहे एचपीव्ही टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए अब शिक्षकों को सबसे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र में विकासखंड स्तरीय कांकेर का एक दिवसीय शिक्षक अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें चिकित्सकों ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों और अभिभावकों तक सही एवं वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाकर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

आयोजित कार्यशाला में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. लखन जुर्री ने कहा कि एचपीव्ही टीकाकरण गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की रोकथाम में लगभग 90 प्रतिशत तक प्रभावी है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यार्थियों और अभिभावकों को इस टीकाकरण के प्रति जागरूक करें तथा अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दें। बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता ने वैज्ञानिक तथ्यों के साथ एचपीव्ही वैक्सीनेशन की उपयोगिता, अभियान की रणनीति और टीके की प्रभावशीलता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह टीका महिलाओं में होने वाले दूसरे सबसे सामान्य एवं गंभीर कैंसर, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए लगाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और निःशुल्क है तथा वर्तमान में भारत सरकार द्वारा अमेरिका निर्मित गार्डासिल-4 टीका 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को लगाया जा रहा है। प्रश्नोत्तर सत्र में प्राचार्यों एवं प्रधान अध्यापकों ने टीकाकरण से जुड़ी विभिन्न शंकाएं और भ्रांतियां रखीं, जिनका समाधान डॉ. शशांक गुप्ता ने वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर विस्तार से किया।

खंड शिक्षा अधिकारी केजूराम सिन्हा ने कहा कि विद्यालयों एवं शाला प्रबंधन समितियों के माध्यम से पालकों को जागरूक और प्रेरित किया जाएगा। स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के समन्वित प्रयासों से ही अभियान को सफलता मिलेगी और बालिकाओं का भविष्य अधिक सुरक्षित बन सकेगा। आरएचओ डॉं. अशोक कुमार नाग ने अभियान की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि शिक्षक समाज के सबसे विश्वसनीय मार्गदर्शक हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से टीकाकरण अभियान को व्यापक सफलता मिल सकती है। बीईटीओ पूरन सिंह गावड़े ने सभी प्राचार्यों, प्रधान अध्यापकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। आयोजित कार्यशाला में काउंसलर योगेश सिन्हा, ब्लॉंक डाटा प्रबंधक भूपेन्द्र उर्वशा, जिला एनसीडी सलाहकार योगेश प्रजापति सहित विकासखंड कांकेर के सभी प्राचार्य एवं प्रधान अध्यापक उपस्थित रहे।

## पेपर लीक होने पर छात्रों ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

देशभर में पेपर लीक के खिलाफ उठ रही आवाज अब भानुप्रतापपुर तक पहुंच गई है। दिल्ली के जंतर-मंतर से संसद भवन तक निकाले गए संसद मार्च के समर्थन में सोमवार को स्थानीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सड़कों पर उतरकर शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं ने पेपर लीक की घटनाओं को मेहनती युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग की। महाविद्यालय परिसर से निकली विशाल आक्रोश रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मुख्य चौक पहुंची, जहां सभा आयोजित कर छात्रों ने केंद्र सरकार से प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बहाल करने की मांग की। इस दौरान छात्र एकता जिंदाबाद/", लड़ेंगे-जीतेंगे और पेपर लीक बंद करो जैसे नारों से पूरा नगर गूंज उठा। छात्र नेताओं ने कहा कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की भी मांग की। सभा के बाद छात्र-छात्राओं ने रैली के साथ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति एवं छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में नीट सहित अन्य राष्ट्रीय परीक्षाओं में हुई कथित अनियमितताओं की समयबद्ध उच्च स्तरीय न्यायिक जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई तथा भविष्य में सुरक्षित एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग की गई। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि परीक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। आंदोलन को सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन अभियान से जोड़ते हुए क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी छात्रों की मांगों का समर्थन किया। चंद्रमौली मिश्रा, हरेश चक्रधारी और धर्मेंद्र यादव ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की आवश्यकता पर बल दिया। एनएसयूआई ने भी आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए छात्र हितों की इस लड़ाई में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बांगाबारी में लाखों की पानी टंकी पांच साल से खाली, आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बासनवाही

■ निर्माण पूरा पर ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा

विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बांगाबारी में लाखों रुपए की लागत से निर्मित पेयजल टंकी पिछले पांच वर्षों से केवल शोपीस बनकर रह गई है। शासन की महत्वाकांक्षी पेयजल योजना के तहत बनाई गई इस पानी टंकी से आज तक गांव के एक भी घर में पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद योजना का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंचने से लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

आयोजित ग्रामसभा में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया और ग्रामीणों ने एक स्वर में आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पूरा करने के बाद भी पानी टंकी और संबंधित व्यवस्था ग्राम पंचायत को विधिवत हैंडओवर नहीं की गई है। इसके चलते पूरी योजना वर्षों से बंद पड़ी है और लाखों रुपये की सरकारी राशि खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में पेयजल संकट और अधिक गहरा जाता है। गांव के लोगों को आज भी हैंडपंपों और पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। शासन की /"हर घर जल जैसी योजनाओं के दावे बांगाबारी में पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। ग्रामसभा में सरपंच सावित्री नेताम ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी पेयजल योजना का उद्देश्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन बांगाबारी के ग्रामीण आज भी इस सुविधा से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद योजना का संचालन शुरू नहीं होना संबंधित विभाग और ठेकेदार की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा तत्काल पानी की आपूर्ति शुरू कराने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पानी टंकी चालू कर गांव में नियमित पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं की गई, तो वे जनआंदोलन करेंगे और प्रशासनिक कार्यालय का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे।



### ग्रामीणों ने की जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामसभा में पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीण कंवल सिंह नेताम, पंच भीखम नेताम, जितेंद्री नेताम, रंजना नेताम, चंद्रशेखर शोरी, रसलाल नेताम, घासूराम, लादूराम, राजेश नेताम, बालाराम सहित ग्रामीणों ने एकमत होकर जिम्मेदार अधिकारियों से योजना की जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने तथा शीघ्र पेयजल आपूर्ति शुरू कराने की मांग की।

## चारामा में सावन में जलाभिषेक और अनुष्ठानों की तैयारी में जुटे कांवरिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा

सावन माह की पावन बेला को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाने की तैयारियां चारामा में शुरू हो गई हैं। बोल बम कांवरिया संघ, चारामा द्वारा आयोजित सर्व समिति की बैठक में पूरे सावन माह के धार्मिक आयोजनों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। बैठक में कांवड़ यात्राओं, जलाभिषेक कार्यक्रमों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिससे इस वर्ष का सावन उत्सव और अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप में आयोजित किया जा सके।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए विशेष कांवड़ यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। सावन के प्रत्येक प्रमुख सोमवार को श्रद्धालु पवित्र जल लेकर चारामा के सदर बाजार स्थित शिव मंदिर पहुंचेंगे और विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार सावन के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को श्रद्धालु भिरौद घाट से पवित्र जल लेकर पैदल कांवड़ यात्रा के माध्यम से सदर बाजार स्थित शिव मंदिर पहुंचेंगे। इसके बाद द्वितीय सोमवार 10 अगस्त को भिरौद स्थित महाकालेश्वर मंदिर से जल लेकर शिव मंदिर में विशेष जलाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान पूरे मार्ग में शिवभक्ति का वातावरण रहेगा और श्रद्धालु बोल बम तथा हर-हर महादेव के जयघोष के साथ यात्रा पूरी करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त शनिवार को श्रद्धालुओं का एक विशेष दल धार्मिक यात्रा के लिए सिरपुर रवाना होगा। इस यात्रा की खास बात यह होगी कि श्रद्धालुओं के लिए संघ की ओर से निःशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पदाधिकारियों ने बताया कि इस यात्रा में शामिल होने वाले किसी भी श्रद्धालु से कोई शुल्क या किराया नहीं लिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बन सकें। सावन के अंतिम सोमवार 24 अगस्त को महानदी घाट से पवित्र जल लाकर चारामा के सदर बाजार स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। इसी अवसर पर बोल बम कांवरिया संघ की ओर से मंदिर परिसर में महाप्रसाद भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।



### सावन माह को बेहतर बनाने लिया संकल्प

आयोजित बैठक में सुनील नागवानी, संतु राम देवांगन, महेश सचदेव, गोपाल देवांगन, चेतन किरी, बंटी सबनानी, आकाश देवांगन, पंकज देवांगन, शिवेंद्र निर्मलकर, किशोर देवांगन, जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने सावन माह के धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण, भव्य और सफल बनाने का संकल्प लिया।

■ भिरौद घाट, महाकालेश्वर मंदिर और महानदी घाट से निकलेगी कांवड़ यात्रा

## बड़े कापसी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में सुरक्षा कर्मी की भर्ती पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजूर



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर की बड़ेकापसी शाखा में महिला सुरक्षा कर्मी की नियुक्ति को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने शाखा प्रबंधक सुरेश पुरी गोस्वामी पर भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरतने, निर्धारित प्रक्रिया का पालन न करने तथा नियुक्ति को गोपनीय रखकर अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है।

ग्रामीणों के अनुसार सुरक्षा कर्मी की भर्ती के लिए न तो किसी समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित कराया गया और न ही बैंक के सूचना पटल पर कोई सूचना प्रदर्शित की गई। उनका कहना है कि इससे क्षेत्र के योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन करने का अवसर नहीं मिल सका और पूरी भर्ती प्रक्रिया सीमित लोगों तक ही सीमित रही। इस मामले में दैनिक वेतनभोग बारदा लैम्प्स कर्मी पूनम कुमार कश्यप ने बताया कि उन्हें सुरक्षाकर्मी के रूप में बड़े कापसी शाखा में कार्यभार ग्रहण कराया गया था। उनके अनुसार लगभग दस दिनों तक उनसे कार्य लेने के बाद उन्हें हटा दिया गया। उनका कहना है कि उनके पास लैम्पस में कार्य का अनुभव होने के बावजूद उन्हें हटाकर नए कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि जिन महिला सुरक्षा कर्मी की नियुक्ति की गई है, उनके पति बड़ेकापसी लेम्पस के प्रबंधक हैं। आरोप है कि इसी कारण भर्ती प्रक्रिया को गोपनीय रखा गया और बिना सार्वजनिक सूचना के नियुक्ति कर दी गई। इस पूरे मामले को लेकर बड़े कापसी क्षेत्र के ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि भर्ती प्रक्रिया नियमों के अनुरूप की गई है तो उसे सार्वजनिक रूप से क्यों नहीं किया गया। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

शाखा प्रबंधक सुरेश पुरी गोस्वामी से चर्चा करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि भर्ती के लिए किसी प्रकार का सार्वजनिक विज्ञापन प्रकाशित नहीं कराया गया तथा बैंक के सूचना पटल पर भी कोई सूचना प्रदर्शित नहीं की गई। उन्होंने यह भी बताया कि नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित कंपनी को इसकी जानकारी दी गई।

## वांगचुक के समर्थन में दुर्गूकोंदल में दिया धरना और सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल

■ शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की उठी मांग

जागरूक युवा मंच दुर्गूकोंदल द्वारा सोमवार को देश के प्रख्यात शिक्षाविद एवं पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक के समर्थन में ब्लॉक मुख्यालय के मुख्य चौक पर एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व मंच के पदाधिकारियों ने प्रशासन को लिखित सूचना देकर आयोजन की जानकारी दी और इसे पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं संविधान सम्मत तरीके से संपन्न कराने का आश्वासन दिया।

मंच के सदस्य दीपक कल्लो, असवंत हरेश रावटे, रविशंकर कवाची और संजय मरकाम ने बताया कि धरना का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग को समर्थन देना है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर नीट पेपर लीक जैसे मामलों से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होता है।

ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और जवाबदेही तय की जानी चाहिए। युवा मंच ने कहा कि सोनम वांगचुक ने शिक्षा और जनहित के मुद्दों को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनशन कर देश का ध्यान इन समस्याओं की ओर आकर्षित किया था। उनके इसी संघर्ष के समर्थन में दुर्गूकोंदल में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया। मंच ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग का भी समर्थन किया। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था, सार्वजनिक शांति और प्रशासन के सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। मंच ने युवाओं से शिक्षा, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों पर संवैधानिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## लैब टेक्नीशियन के राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने की प्राचार्य से की शिकायत

हरिभमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल



शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के प्राचार्य को सोमवार को एक ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय में पदस्थ लैब टेक्नीशियन के विरुद्ध जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि संबंधित कर्मचारी सरकारी सेवक होने के बावजूद खुले तौर पर राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय हैं, जो सरकारी आचरण नियमों का उल्लंघन है।

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधियों ने प्राचार्य से अनुरोध किया कि मामले की निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच कराई जाए। उनका कहना है कि महाविद्यालय में पदस्थ लैब टेक्नीशियन गिरधारी नरेटी सरकारी सेवक होने के बावजूद खुले तौर पर राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। यदि कोई सरकारी कर्मचारी सेवा नियमों के विपरीत राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सरकारी कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सेवा आचरण नियमों का पालन करते हुए राजनीतिक निष्पक्षता बनाए रखें। इसलिए संबंधित मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करना आवश्यक है। फिलहाल इस मामले में संबंधित कर्मचारी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं महाविद्यालय प्रशासन द्वारा ज्ञापन प्राप्त कर नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया अपनाने की बात कही गई है। जांच के बाद ही आरोपों की पुष्टि या खंडन की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। प दौरान पुरन बघेल, नंद कुमार नेताम, जितेंद्र नाग, राहुल नाग सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने प्राचार्य से मामले को गंभीरता से लेते हुए सक्षम स्तर पर जांच कराने और नियमों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

नेशनल कम्प्यूटर, कांकेर
25 वर्षों से संचालित विश्वसनीय संस्था।
सभी शासकीय नौकरी हेतु मान्य सर्टिफिकेट।
विगत 25 वर्षों में उत्तीर्ण 6500 विद्यार्थियों में से 1200 विद्यार्थी शासकीय नौकरी में कार्यरत।
विश्वविद्यालयीन कोर्स
INFORMATION TECHNOLOGY: DCA/PGDCA/ BCA/M.Sc. [IT]
COMMERCE: M.Com. B.Com.
ADMISSION OPEN
SCIENCE: B.Sc. M.Sc.
MANAGEMENT: MBA (Marketing, Finance, HR) BBA/ PGDRD
ARTS: BA/MA/ B.LIB/M.LIB/ PGDRD/MSW
पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
63, उदय नगर, सांई मंदिर रोड, कांकेर
मो.- 7999062022, 9425261817